तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **आर के सारण** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353217865122836	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13/01/26	अपीलार्थी आर के सारण निवासी 1—बी—106, कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 13.10.2025 उम्मेदराम सारण की ढ़ाणी पालड़ी से खारिया खंगार आम रास्ते पर सी सी ब्लॉक निर्माण कार्य पालड़ी सिद्धा से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट 1339 दिनांक 22.12.2025 अनुसार अपीलार्थी द्वारा कार्यालय को सूचना अधिकार के तहत आवेदन नहीं किया गया है। अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज़ योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.13 13:25:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19900351